हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]

# निगम की नई व्यवस्था नहीं आई रास, सड़क पर पसरा लगाने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में दीपावली पर्व को लेकर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए शहर के जयस्तंभ चौक के बीच सड़क पर लगने वाले पसरा बाजार को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग स्थल पर बनाई गई नई जगह पसरा लगाने वालों को रास नहीं आ रही है। करवा चौथ के लिए जयस्तंभ चौक पर बनाई निगम की व्यवस्था को छोड़ पसरा व्यवसायियों ने आज सड़क पर ही पसरा लगाया। इस दौरान इन्हें सड़क से हटाने यातायात और निगम की टीम पहुंची, लेकिन पसरा व्यापारियों ने सड़क से अपना पसरा नहीं हटाने को लेकर निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान पसरा दुकान लगाने वालों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और सड़क के बीच ही स्टॉपर पर रखकर चक्काजाम का प्रयास किया।

### वाहनों से जाम

शहर के जयस्तंभ चौक पर त्योहार के मौके पर ही पसरा लगाकर व्यापार किया जाता है, जिन्हें यातायात व्यवस्था के नाम पर हटाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा कड़ाई से चार और तीन पहिया वाहनों की इंद्र इंट्री बंद कराकर भी व्यवस्था बनाई जा सकती है। ई-रिक्शा, ठेला और चार पहिया वाहन के प्रवेश करने पर ही जाम लगता है।



### करवा चौथ तक अनुमति

पसरा व्यापारियों द्वारा सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता और यातायात प्रभारी भी पहुंचे थे। व्यापारियों को करवा चौथ तक सड़क पर पसरा लगाने की अनुमति दी गई। इसके बाद मामला शांत हुआ।

### सड़क से नहीं हटाने की मांग

सड़क के बीच से पसरा हटाए जाने से नाराज पसरा व्यापारियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि वे कई वर्षों से इस जगह पर पसरा लगाकर त्योहार के सीजन में व्यापार करते हैं। दीपावली और करवा चौथ पर्व को लेकर भी उन्होंने काफी कर्ज लेकर सामान खरीदा है। ऐसे में इस जगह से नहीं हटाने की मांग की।

### नई व्यवस्था में पर्याप्त जगह नहीं

पसरा व्यापारियों ने कहा कि वह हमेशा से त्योहार के मौके पर इसी जगह सड़क पर ही दुकान लगाते हैं। ऐसे में निगम द्वारा उन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्किंग की जगह पर पसरा लगाने में काफी समस्या होगी। जिसकी वजह से वह वहां अपना पसरा नहीं लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि छोटा-छोटा पसरा पार्किंग में दिया जा रहा है, जहां पर सामान रखने और बैठने के लिए भी पर्याप्त जगह भी नहीं बनेगी।

# व्रत रखकर महिलाएं करेंगी चांद का दर्शन, करवा चौथ पर भक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्वों के क्रम में कल 10 अक्टूबर को करवा चौथ व्रत है, जिसे लेकर सौभाग्यवती महिलाओं में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का वातावरण निर्मित है। बाजार में पूजा सहित विविध सामग्रियों की खरीदी करने के लिए महिलाओं की बेहतर उपस्थिति रही।

पंचाग के अनुसर कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ व्रत रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही घर में कुशल मंगल की कामना लिए निर्जला व्रत रखती है। माता करवा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही चंद्रमा को अर्ध्य देकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगी, जिसे लेकर महिलाओं के बीच काफी उत्साह एवं हर्षोल्लास व श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। करवा चौथ पर बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर परिसर में भी एकत्र होकर पर्व से संबंधित कथा का श्रवण कर पूजा-अर्चना करती है। पूजन मुहूर्त शाम 5.55 बजे से शाम 7.9 बजे तक उत्तम है।

### बाजार में रौनक, जमकर खरीदी



इधर शुक्रवार को करवा चौथ व्रत को लेकर शहर के जयस्तंभ चौक से लेकर जूनीहटरी तक पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से जमकर खरीदी की गई। बताया गया कि पूजा सामग्रियों की दुकानें विगत सप्ताहभर से लगनी शुरू हो गई थी। पूजा सामग्रियों की दुकानों के अलावा आभूषण, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन की सामग्रियों की दुकानों में भी खरीदी करने के लिए महिलाओं की अच्छी खासी उपस्थिति रही। पर्व को लेकर महिलाओं ने घर-घर में व्यापक तैयारियां की है।












## खबर संक्षेप

### रेल सुविधा विस्तार के लिए आभार



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिध तरूण हत्थेल ने गोंदिया से डोंगरगढ़ तक चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव आदि का आभार व्यक्त किया है। इस परियोजना के तहत 2223 करोड़ की लागत से 84 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का विस्तार किया जाएगा। इसके अंतर्गत 15 बड़े और 123 छोटे ब्रिज, 1 सुरंग, 3 फ्लाई ओवर और 22 अंडर ब्रिज का निर्माण होगा।

### कौशल विकास यात्रा का स्वागत

**डोंगरगढ़।** आईसेक्ट द्वारा शुरु की गई कौशल रथ कौशल विकास यात्रा



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँची। प्राचार्य प्रकाश यादव एवं आईसेक्ट के रीजनल हेड रुपेश देवांगन का स्वागत निशांत जैन ने किया। इस दौरान सेमीनार, कार्यशाला, करियर काउंसलिंग व तकनीकी डेमो किया गया। छात्र छात्राओं को डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्सेस की जानकारी दी गई। कंप्यूटर, आईटी, बैंकिंग, फ्यूचर स्किल्स आदि विषयों के टापर्स दीपिका कुंजाम, क्रिश गौली, शालिनी, शेख अब्दुल शाहबाज़, मानसी शेंडे, सानिध्य कलचुरी, वीना, मयंक निषाद, साई कुमार साहू, ऋषभ वाल्दे को अतिथियों ने सम्मानित किया।

### स्कूल में किया सामाजिक अंकेक्षण

**डोंगरगढ़।** पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला अछोली में गत दिनों



सामाजिक अंकेक्षण किया गया। शाला समिति के अध्यक्षराम प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेमदास साहू, पंचायत प्रतिनिधि सुप्रिया रानी गुप्ता खिलेश्वरी साहू, प्रभारी प्रधानपाठक भारती देवांगन, शिक्षिका मिताली सिंह, रेणुका बेऊरा, अर्चना, ललित साहू की उपस्थिति में कन्या शाला के व्याख्याता श्री कुंजाम ने सामाजिक अंकेक्षण किया। इस अवसर पर पंच श्रीमती गुप्ता और खिलेश्वरी साहू ने न्यौता भोज का आयोजन कर खीर पुड़ी का वितरण किया।

### दुकानदारों को बड़ा नुकसान, दुकानें मलबे में तब्दील

# चालक को आई झपकी चार दुकानों में घुसा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम मक्काटोला में बुधवार तड़के बड़ा हादसा होने से टल गया। सुबह करीब 4 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 10 एएस 4470 जो लोहा तार के बंडल लेकर डोंगरगढ़ से लालबहादुर की ओर जा रहा था। अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी चार दुकानों में घुस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर को झपकी आने से वाहन से नियंत्रण हट गया जिससे ट्रक मक्काटोला मोड़ पर सड़क किनारें की दुकानों में घुस गया। हादसे में जनहानि तो नहीं हुई लेकिन चार दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चिचोला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।



#### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण और कुछ जनप्रतिनिधि एकत्र होकर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर बैठ गए। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को शांत कराया और दुकानदारों को हुए नुकसान की भरपाई कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ही ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। फिलहाल पुलिस फरार ड्राइवर और ट्रक मालिक की तलाश में जुटी है।

# शहर में नहीं थम रहा नशा का कारोबार

- बिगड़ रहे युवा, पालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में अवैध कारोबार तेजी से फल फूल रहे है। नशीली दवा, शराब, गांजा सहित अन्य नशा के सामान शहर में बिकने से युवा सहित नबालिक लडके नशे की आरे आकर्षित हो रहे है। इस कारोबार से जुडे लोग अपनी कमाई के चक्कर में युवाओं को बर्बाद करने तुले है। शहर के अच्छे घरों के बच्चे भी नशा कर जीवन बर्बाद कर रहे है जिससे उनके माता पिता की परेशानी बढ़ रही है।

जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में नशे का कारोबार बढ़ने के बाद शहर में चाकूबाजी सहित अन्य अपराधिक घटनाएं बढ़ी है। इस तरह के मामलों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है किन्तु आबकारी विभाग में अधिकारी के नहीं रहने के कारण शराब के धंधे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

#### मोहल्लों में बिक रहा गांजा

शहर के कई वार्डों में खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है जिसे लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से नवीन जागृति युवक समिति ने शिकायत की है। शिकायत करने के पहले वार्डवासियों ने बैठक कर गांजा बेचने वाले को समझाईस दी थी। शिकायत और समझाईश के बाद वार्ड में ज्यादा गांजा बिकने लगा है। मिलीन टेंभुरकर ने बताया की शिकायत के बाद अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगा तो वार्डवासियों को आंदोलन करना पड़ेगा।

## उपेक्षा से भाजपा में नाराजगी

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा की कार्यकरणी में उपेक्षा होने के बाद पिछड़ा वर्ग के नेता जमकर नराजगी जाहिर कर रहे है। पिछड़ा वर्ग से जुड़े कार्यकर्ताओं की जिला कार्यकरणी में अनदेखी के बाद काफी हलचल मची है। विकासखंड के पिछड़ा, सामान्य सहित अन्य वर्ग के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यकारिणी को लेकर सवाल उठाया था। इस बीच भाजपा मंडल में चल रही गुटबाजी भी सामने आई थी। पता चला है कि जो कार्यकारिणी का विरोध कर रहे हैं वह स्वयं सामने आने के बजाय जातिगत समीकरण को सामने कार्यकर्ताओं को गर्म करने में लगे है। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ में भाजपा का विधायक नही होने के बाद शहर में संगठन के कामकाज में कोई भी मुख्य रूप से सामने नही आता। शहर भाजपा में अनुभवहीन कार्यकर्ताओं को जवाबदारी मिलने और गुटबाजी के कारण पिछले 5 साल से कांग्रेस हावी नजर आ रही है।









## नवनिर्मित नौ दुकानों की नीलामी से निगम को मिले 3 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के म्युनिसिपल स्कूल से लगे पुराना गांधी सभागृह के नीचे निर्मित 12 दुकानों की नीलामी से नगर निगम को लगभग 3 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है। इन दुकानों की नीलामी में शहर के व्यापारियों की खासी उपस्थिति रही।

निगम स्वामित्व की सर्वेश्वरदास स्कूल के पास कुल 12 दुकानों का निर्माण किया गया है। उक्त दुकानों का महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, राजा माखीजा, केंवरा विजय राय की उपस्थिति में टाउन हाल में आज खुली नीलामी की गई। जिसमें 12 दुकानों में से 09 दुकानों की नीलामी से 3 करोड़ 12 लाख 91 हजार रुपए की निगम को आय हुई।

### ली गई अमानत राशि

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा सर्वेश्वरदास स्कूल के पास कुल 12 दुकानों का निर्माण किया गया है। जिसकी नीलामी हेतु प्रक्रिया की गई। प्रक्रिया के तहत 15 सितंबर से 07 अक्टूबर तक 500 रुपए आवेदन शुक्ल जमा कर आवेदन फार्म लिया गया। आवेदन पत्र के साथ निर्धारित अमानती राशि प्रति दुकान बैक ड्राप्ट लेकर आवेदन जमा किया गया।

### सर्वेश्वरदास स्कूल के पास की तीन दुकानें शेष, शीघ्र होगी नीलामी

#### विवादों में दुकान परिसर

म्युनिसिपल स्कूल परिसर में राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर बने इन दुकानों का मामला विवादों में भी रहा। स्कूल परिसर में व्यवसायिक परिसर नहीं होने का मामला भी उठाया गया। दुकानों की नीलामी को लेकर पूर्व पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा इस मामले में न्यायालय जाने के बात भी कही गई है।



**पार्किंग की व्यवस्था नहीं :** नगर निगम द्वारा जिस जगह पर व्यवसायिक परिसर बनाया गया है। उसके ठीक सामने राष्ट्रीय राजमार्ग है, जहां पर पार्किंग को लेकर कोई भी व्यवस्था नहीं बनाई गई है।

#### लाखों में लगी बोली

दुकान क्रं. 2 के लिए चिराग ठक्कर से 35 लाख 15 हजार रुपए प्राप्त हुई। इसी प्रकार दुकान क्रं. 3 के लिए लोकेश तिवारी ने 35 लाख 21 हजार रुपए, दुकान क्रं. 4 के लिए राजकुमार जायसवाल ने 34 लाख 50 हजार रुपए, दुकान क्रं. 5 के लिए ओमप्रकाश साहू ने 34 लाख 50 हजार रुपए, दुकान क्रं. 6 के लिए हेमंत साहू ने 34 लाख 60 हजार रुपए, दुकान क्रं. 7 के लिए कौशल कुमार शर्मा ने 34 लाख 45 हजार रुपए, दुकान क्रं. 10 के लिए संध्या जैन ने 35 लाख 20 हजार रुपए, दुकान क्रं. 11 के लिए कु. सृष्टि सिन्हा ने 34 लाख 50 हजार रुपए एवं दुकान क्रं. 12 के लिए अनिरूद्ध ने 34 लाख 80 हजार रुपए उच्चतम बोली लगाई। वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शेष 3 दुकानों की नीलामी के लिए बोलीकर्ता की उपस्थित नहीं होने से इसकी नीलामी प्रक्रिया नहीं हो पाई।

## भेड़ को लेकर आदिवासी समाज ने डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में की पूजा

- विवाद की स्थिति निर्मित, समझाईश के बाद माने
- प्रशासन के आला अफसर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और आदिवासी समुदाय के बीच ट्रस्ट को लेकर छिड़ा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की शाम एक बार फिर धर्मनगरी में उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब आदिवासी समाज के करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग एक भेड़ के साथ ऊपर मंदिर जाने की कोशिश की। प्रशासन के सक्रिय होने के चलते यह लोग ऊपर मंदिर नहीं पहुंच पाए और उन्होंने मंदिर के नजदीक पूजा-अर्चना की।

मिली जानकारी के अनुसार लगभग शाम सात बजे डोंगरगढ़ के राजकुमार भवानी बहादुर एवं आदिवासी समाज के कुछ लोग एक भेड़ लेकर मां बम्लेश्वरी मंदिर के पीछे स्थित मां रणचंडी मंदिर पहुंचे। सभी लोग इकट्ठे होने के बाद वन विभाग द्वारा बनाया गया सीढ़ी से ऊपर पहाड़ों में स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के पीछे गार्डन में उन्होंने पारंपरिक बैगा पद्धति से पूजा-अर्चना की।

पूजा-अर्चना के दौरान धार्मिक परंपरा को निभाते हुए आदिवासी समाज के लोग भेड़ साथ लेकर पहुंचे थे।

सूचना मिलते ही आईएएस एसडीएम एम. भार्गव, एसडीओपी आशीष कुंजाम एवं थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने मौके की नजाकत को देखते हुए बेहद सतर्कता से स्थिति को संभाला और किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पूरे इलाके में निगरानी रखी गई।

पूजा-अर्चना पूर्ण होने के पश्चात राजकुमार भवानी बहादुर एवं आदिवासी समाज के लोग भेड़ लेकर उसी रास्ते से नीचे उतर गए। प्रशासन की तत्परता और शांतिपूर्ण हस्तक्षेप के चलते संभावित तनाव की स्थिति टल गई और क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव कायम रहा। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के इस कदम की सराहना की, जिसने समय रहते स्थिति को संभालकर किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका।

### मंदिर के बाहर की पूजा

आदिवासी समाज के आग्रह पर मैं वहां पहुंचा था। हम लोगों ने मंदिर के बाहर आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की है।

**- भवानी बहादुर सिंह,** राजकुमार

## शुक्ला अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक महिला की मौत के बाद उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है। आक्रोशित लोगों ने कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी के साथ अस्पताल का घेराव किया और धरने पर बैठ गए।

जिले के रीवागहन निवासी लगभग 46 वर्षीय द्रौपदी साहू को शुक्ला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आज सुबह उनकी मौत हो गई। मृतिका के पुत्र राहुल साहू ने बताया कि बीते 24 सितंबर को उनकी मां द्रौपदी साहू को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए यहां भर्ती कराया गया था। तीन दिन बाद 27 तारीख को ऑपरेशन हुआ और 9 दिन बाद टांका खुलवाने बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के कुछ दिन बाद ही इंफेक्शन हो गया और पेट एवं मूत्र द्वार से पस गिरने लगा, जब वहां अपनी माता को लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने इन्फेक्शन बताते हुए सीटी स्कैन कराने कहा और इसके बाद इमरजेंसी में दोबारा ऑपरेशन करना पड़ेगा कहा गया। बुधवार रात लगभग 8 से 11 बजे तक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद आज सुबह उनकी मौत हो गई। मृतिका के पुत्र ने कहा कि जिस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया वह स्पेशलिस्ट है, सर्जन नहीं है, उनके द्वारा ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई है।

### जांच समिति बनेगी

जांच समिति बनाकर सात दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्रवाई की जाएगी। एक-दो प्रतिशत मरीज में इन्फेक्शन की संभावना रहती है।

**- डॉ.नेतराम नवरत्न,** सीएमएचओ

### गेट पर धरना प्रदर्शन

महिला की मौत के बाद उनके परिजन और अन्य लोगों ने अस्पताल परिसर में लापरवाही के मामले को लेकर हंगामा किया। उसके बाद मौके पर सीएचएमओ को भी बुलवाया गया।

### थाना में हुई शिकायत

मौके पर पहुंचे सीएमएचओ को अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई के लिए मरीज के परिजनों ने लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं इसके बाद परिजनों ने बसंतपुर थाना में जाकर भी इस मामले में कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया।

0 **डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी परिसर में आगामी 15 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन में किसानों को खेती से संबंधित उपयोगी जानकारी मिलेगी। इस मेले में उन्नत किस्म के बीज, खाद, दवा के उत्पादक किसानों को अपने उत्पादों की जानकारी के साथ उससे होने वाले लाभ के बारे में बताएंगे।







धूम-धाम से त्यौहार मनाएँ
कमाल की कीमत पर
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
अपने घर लेकर जाए
JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
5050
4WD
"क़ीमत नहीं, गुणवत्ता बताती है असली पहचान!"
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल से पाई राहत

# जिले में पीएम सूर्यघर योजना के प्रति लोगों में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना ने जिले के ग्राम दौजरी गांव में एक नई क्रांति ला दी है। यह योजना अब केवल शहरी नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर दे रही है। गांव-गांव में लोग अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर न केवल बिजली बिल से राहत पा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के अभियान में भी सक्रिय भागीदार बन रहे हैं। इस परिवर्तन की एक जीती-जागती मिशाल ग्राम दौजरी निवासी रितेश चंद्रवंशी ने बिना देर किए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ लिया और अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कराया। सौर ऊर्जा से उनके घर की बिजली की जरूरतें अब पूरी हो रही हैं, जिससे उन्हें हर महीने होने वाली 2000 से अधिक की बिजली बिल की बचत हो रही है। उनके लिए यह योजना सिर्फ बचत का साधन नहीं, बल्कि एक स्थायी समाधान बन गई है। उन्होने बताया कि उन्हें केंद्र सरकार से 78.000 और राज्य सरकार से 30.000 की सब्सिडी मिली। जिससे सोलर सिस्टम लगवाना किफायती और आसान हो गया। वे कहते हैं अब न तो बिजली बिल की चिंता है, न बिजली कटने की परेशानी। उल्टा सूरज की रोशनी से आमदनी हो रही है। सरकार का यह कदम गांव के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि और शासन की प्राथमिकता में शामिल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की यह पहल ग्रामीण अंचल में नई चेतना फैला रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं की खपत के अनुसार 45.000 से 1.08.000 तक की सब्सिडी दी जा रही है, जिससे 1 से 3 किलोवाट के सोलर सिस्टम अब मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों की पहुंच में हैं।

#### सौर ऊर्जा से न केवल आर्थिक राहत मिली, पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग



मिली जानकारी के अनुसर उन्होने बताया कि पहले हर महीने बिजली बिल का बोझ दिमाग पर रहता था, लेकिन अब सौर ऊर्जा से हमें न केवल आर्थिक राहत मिली है, बल्कि यह जानकर खुशी होती है कि हम पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग दे रहे हैं। श्री चंद्रवंशी की यह पहल अब पूरे गांव के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गई है। उनकी सफलता को देखकर दौजरी और आसपास के क्षेत्रों के कई लोग भी अब इस योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के लिए आगे आ रहे हैं। बिजली विभाग को लगातार ऑनलाइन आवेदन मिल रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से जिले में इस योजना के प्रति लोगों के भारी उत्साह को दर्शाता है। जिला प्रशासन और बिजली विभाग भी आम नागरिकों को योजना की सही जानकारी देने और आवेदन प्रक्रिया में मदद करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। कबीरधाम जिला अब स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना यहां के लोगों के लिए उज्ज्वल भविष्य की नई किरण साबित हो रही है।

# बिजली बिल अनाप-शनाप आने से क्षेत्र के ग्रामीण व आम नागरिक परेशान

- 400 यूनिट तक का हाफ मुक्त बिजली बिल को पुनः लागू किया जाने मांग की गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक बार फिर से डबल इंजन की सरकार ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ाई है। इस समय घर-घर स्मार्ट मीटर लगाया गया है, डबल इंजन की सरकार द्वारा यह तो आम नागरिकों की लिए सर दर्द बन गया है वहीं अनाप-शनाप बिजली बिल आने के कारण आम नागरिक एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इसके पूर्व जब कांग्रेस की सरकार थी, तब आम नागरिकों एवं किसान को राहत देते हुए 400 यूनिट चलने के बाद हाफ यूनिट का बिजली बिल आम नागरिक एवं किसानों को भुगतान करना पड़ता था, लेकिन जैसे ही प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है वैसे ही 400 यूनिट व हाफ बिजली बिल लोगों के सिरदर्द बना है। जिस पर ग्रामीणों व किसानों ने शासन प्रशासन से अपील कर तत्काल इस योजना बदला जाए। जिससे आम नागरिकों को अधिक बिजली बिल आने से राहत मिल सकें।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा लगातार एक से बढ़कर एक झटका आम नागरिक एवं किसानों को दिया जा रहा है क्या यही डबल इंजन सरकार है? सत्ता के पहले चुनाव जीतने के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के नाम पर वोट मांगते हैं और चुनाव जीतने के बाद झटका पर झटका आम नागरिक एवं किसानों को दिया जा रहा है। आज बिजली बिल अधिक आने से आम नागरिक तथा किसान परेशान है। जिस पर शासन प्रशासन एवं डबल इंजन सरकार से अपील करते हैं कि पूर्व कांग्रेस द्वारा 400 यूनिट तक चलने वाले बिजली बिल का हाफ बिजली मुक्त जो दिया जा रहा था, जिसे तत्काल लागू किया जाए जिससे आम नागरिक व किसानों को राहत मिल सके।

#### पथ संचलन के साथ शिवाजी बस्ती में श्री विजयादशमी उत्सव संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कवर्धा नगर के बस्ती क्रमांक 01 शिवाजी बस्ती के विवेकानंद विद्यालय में श्री विजयादशमी उत्सव के अवसर पर बस्ती के स्वयंसेवकों के द्वारा पथ संचलन तथा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती छाया मानकर शिक्षिका (सरस्वती शिशु मंदिर) ने संघ कार्यो की सराहना करते हुए संघ संस्थापक पूज्य हेडगेवार को नमन किया, जिन्होनें संघ को आज वट वृक्ष के रूप में खड़ा किए है। इस कार्यक्रम में अतिथि बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा (प्रांत संघचालक छग प्रांत) ने कहा कि त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के द्वारा जैसे आसुरी शक्ति का विनाश किया था, आज समाज को बुराई को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का दिवस है। आज संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण कर समाज में अपने कार्यो को अवगत करा रहा है। भारत प्राचीन समय से विश्व को मार्ग को दिखा रहा है। भारत विश्व की प्राचीन धर्मग्रंथ है, हमारी प्राचीन संस्कृति हमारे पास है। भारत में प्राचीन समय से प्राचीन विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय संचालित थे। उन्होने संघ निर्माता डॉ हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला कैसे उन्होंने संघ स्थापना के लिए कार्य किया। उनके स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी सहभागिता की जानकारी प्रदान किया। उन्हें जेल भी जाने पड़ी। उनके द्वारा हिन्दू समाज को संगठित करने के लिए संघ की स्थापना की गई। स्वयंसेवकों को प्रचारक बनाकर भारत के अलग-अलग स्थानों में उनके द्वारा भेजा गया, वहां पर शाखा प्रारंभ की गई। वे स्वयंसेवक वहां पढ़ाई के साथ साथ संघ कार्य करते रहे। 1940 में डॉ साहब के निधन पश्चात गुरूजी ने संघ की बागडोर संभाली विभिन्न क्षेत्रों मे कार्य करने के लिए विविध संगठन का गठन किया। संघ ने समय समय पर प्रतिबंध सहा फिर भी आज संघ 100 की यात्रा तय कर लिया है। संघ चालक ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन बताए है, जिन्हे समाज के अंतिम छोर तक ले जाने का कार्य संघ के स्वयंसेवक करने वाले है, ये पंच परिवर्तन के कार्य है जिसमें कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसत्ता, नागरिक कर्तव्य व पर्यावरण तथा स्वदेशी के तहत जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर संघ चालक घनश्याम अग्रवाल, सह जिला कार्यवाह, रवि वर्मा, नगर कार्यवाह प्रहलाद साहू, बस्ती प्रमुख परमेश्वर साहू, बस्ती पालक बलदाऊ निर्मलकर सहित बस्ती के बाल व वरिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### फार्मेसी कोर्स में दाखिले के लिए होगी काउंसिलिंग

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग ने विभिन्न संस्था में संचालित फार्मेसी कोर्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी फार्मेसी), डिप्लोमा फार्मेसी (डी फार्मेसी) शामिल है।

### अनुदान पर मिलेगा ट्रैक्टर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छग राज्य बीज व कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में चैम्प्स प्रणाली अंतर्गत क्रियान्वित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन के तहत अनुदान पर किसानों को ट्रैक्टर प्रदाय किया जाएगा।

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 08/2025
पेशी तारीख 27/10/2025
प्रोसेस नंबर........../2025

रूपेश----------------------------आवेदकगण

विरूद्ध

दुजियाबाई वगैरह------------------अनावेदकगण

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 27.10.2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 22 माह 09 सन 2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

टीप- यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर

(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला कबीरधाम (छ.ग).

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

प्रकरण क्रं 345/2025
आदेश दि. 23/09/2025
पेशी ता. 28/10/2025
प्रोसेस क्रं...

श्रीमती वंदना स्वर्णकार, पति दिनेश कुमार स्वर्णकार निवासी-क्वा.नं-04, फेस-02 वी.आई.पी. सिटी राजीव विहार राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.)
...........आवेदिका/आवेदक

**// विरूद्ध //**

दिनेश कुमार स्वर्णकार पिता चंद्रिका स्वर्णकार निवासी-बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वर्तमान पता-रामनगर वार्ड नं-08 स्वामी किराना स्टोर के आगे कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.) मो.7000397181
...............अनावेदक/अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती वंदना स्वर्णकार ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 125 भरण-पोषण बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 28/10/2025 को है। अनावेदिका श्रीमती श्रीमती वंदना स्वर्णकार उम्र 49 वर्ष पति दिनेश कुमार स्वर्णकार निवासी-क्वा.नं-04, फेस-02 वी.आई.पी. सिटी राजीव विहार राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 28/10/2025 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वतः उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 28/10/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित होता है. या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 06.10.25
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

(निरंजन लाल चौहान)
प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)

# हेपेटाइटिस व जन-जागरूक स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में हेपेटाइटिस के संक्रमण से बचाव एवं जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिका कवर्धा के सभागार में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के समन्वय और चर्चा उपरांत आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों का हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच के साथ-साथ सिकलसेल, मधुमेह, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी अन्य बीमारियों की जांच भी की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर्रे ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसे गंभीर लेकिन रोके जा सकने वाले संक्रमण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि जांच में पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों के सैंपल वायरल लोड जांच हेतु भेजे गए हैं और रिपोर्ट के आधार पर उनका उपचार पूर्ण किया जाएगा। वहीं निगेटिव पाए गए व्यक्तियों का हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण किया गया। डॉ श्री तुर्रे ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हेपेटाइटिस एक ऐसा संक्रमण है जो दूषित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित गर्भवती महिला से नवजात शिशु तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस के शुरुआती लक्षणों में बुखार, भूख की कमी, थकान, जोड़ों में दर्द, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब और पैरों में सूजन जैसी समस्याएं शामिल हैं।

शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और तकनीकी दल द्वारा व्यापक जांच की गई। जांच के उपरांत नागरिकों को परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य अमला, लैब तकनीशियन एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हेपेटाइटिस की जांच, परीक्षण, इलाज और टीकाकरण की सुविधा सभी शासकीय जिला अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए तथा समय-समय पर जांच अवश्य करानी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने हेपेटाइटिस उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

#### नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी से किया भेंट-मुलाकात



**हरिभूमि कवर्धा।** सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कबीरधाम विकासखंड कवर्धा मे छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यवाहक कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सीडी भट्ट, पं चंद्रप्रकाश घृतलहरे व तुलाराम सागर के नेतृत्व में नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय दुबे से सौजन्य मुलाकात कर नव दायित्व हेतु बधाई दिया गया। साथ ही विकास खंड स्तरीय शिक्षको की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिसमें 2022-23 में नियुक्त शिक्षको के इंक्रीमेंट का एरियस राशि अविलंब दिए जाने की मांग किया गया। दिव्यांग शिक्षक कुंभकरण कौशिक जो 2022 से प्राथमिक प्रधान पाठक हैं उनकी एक्सीडेंटल केस की राशि आज पर्यंत तक नहीं मिला है, उसके बारे में चर्चा किया गया। जिस पर बीईओ द्वारा तुरंत फाइल चेक करने का निर्देश दिया गया, उसी प्रकार से 2022 में प्रमोशन पाए सभी प्राथमिक प्रधान पाठक की राशि में अंतर की जांच करने की मांग रखा गया। विकास खंड में लंबित दिव्यांग शिक्षक की राशि के संबंध में मेडिकल अवकाश लिए शिक्षकों के वेतन भुगतान के संबंध मे अवगत कराया गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री दुबे द्वारा सभी शिक्षक बंधुओ के समक्ष त्वरित निराकरण किए जाने की बात कहा गया। वह विकलांगता राशि भुगतान हेतु उच्च कार्यालय से उचित मार्गदर्शन लेने की बात कही। इस भेंट-मुलाकात में सीडी भट्ट, पं चंद्रप्रकाश घृतलहरें, तुलाराम सागर, श्रीमती श्वेता तिवारी, श्रीमती कविता गुप्ता, माखन सिंह चौहान, शिवकुमार वर्मा, संतोष कुमार यादव, टोमन कुमार धुर्वे, संजय कुमार राज, सुरेश कुमार कोसरिया, संपत लाल धुर्वे, दर्शन कुमार जांगड़े, पुखराज साहू, वैभव कुमार वर्मा, सुंदरलाल भट्ट, चेतन दास साहू, गुमान कोसले, मनोज कुमार कौशिक, कुंभकरण कौशिक सहित प्रमुख रूप से बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

# कंझेटा स्कूल में शिक्षा गुणवत्ता के लिए सामाजिक अंकेक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिले के प्रत्येक स्कूलों में पांच सदस्यीय टीम द्वारा स्कूलों में शिक्षा के स्तर को जांचने स्कूलों में पहुंचकर 20 बिंदुओं पर प्रश्न प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थियों से पूछा जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रश्नों को शामिल किया गया है जैसे विगत तीन वर्षो का बोर्ड परीक्षाफल, गृह कार्य, विद्यालय भवन में सुविधा संबंधी, प्रयोगशाला का प्रयोग, पुस्तकालय का उपयोग आदि शामिल है। पांच सदस्यीय टीम में एक शाला समिति और एक पंचायत स्तर से और दो अन्य गांव के ही शिक्षाविद को शामिल किया गया। टीम लीडर जिनेंद्र रत्नाकर, दिलीप खांडे, रामकुमार धुर्वे द्वारा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हॉयर सेकेंडरी के कक्षाओं में पहुंच प्रश्न किया गया और गुणवत्ता के आधार पर प्रपत्र को भरा गया। वहीं अन्य सदस्य टीम में मोहन चंद्रवंशी समिति अध्यक्ष, परस चंद्रवंशी, कलप चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी पंच द्वारा विद्यालय गुणवत्ता को परखा गया। गुणवत्ता के आधार पर विद्यालय का ग्रेडिंग किया जाएगा। उक्त अंकेक्षण के दौरान मोहन शर्मा, परमेश मरावी, हेमेंद्र शर्मा, प्रभाकर ताम्रकार सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।



# उप-स्वास्थ्य केंद्र के सामने जलभराव आवाजाही बाधित, जिम्मेदार बेपरवाह

- पक्की नाली निर्माण व सुधार कार्य की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरबसपुर स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र के सामने बारिश का पानी व निस्तारित के पानी भरने से आने जाले मरिजों व गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा उप-स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों हुई हल्की तेज व रुक-रुककर बारिश तथा पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण अभाव में जलभराव की स्थिति निर्मात हुई है। वहीं उप स्वास्थ्य केंद्र में संसाधनों की कमी के कारण रहवासियों को उप-स्वास्थ्य तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नही होने खासकर ज्यादा परेशानियां गर्भवती महिला, बच्चे व गंभीर रूप से घायल मरीजों कों उठानी तथा केंद्र तक नहीं पहुंच पाते। जिस पर ग्रामीणों न जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा उप स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में पसरा गंदगी व खरपतवार की साफ सफाई की मांग की गई ताकि आने वाले मरीजों व गर्भवती महिलाओं को परेशानी न हो तथा सुविधा मिल सकें।




# गौ सेवा आयोग के जिला समिति में मनोज, विकास खण्ड समिति में गणेश यादव, प्रभात चंद्राकर को जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत क्षेत्र में बुधवार को गौ सेवा आयोग के जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय समिति की सूची राज्य शासन द्वारा जारी गई, जिसमे कुण्डा मण्डल से जिला समिति में मनोज ठाकुर एवं विकासखण्ड समिति में गणेश यादव व प्रभात चंद्राकर को जगह मिला। राज्य शासन द्वारा गौ सेवा आयोग अधिनियम 2004 का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग नियम 2005 के नियम प्रावधान अनुसार जिला स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई, जिसमें भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत मनोज ठाकुर को जिला समिति में सदस्य एवं गणेश यादव व प्रभात चंद्राकर को विकासखण्ड पंडरिया समिति में सदस्य की नियुक्ति राज्य शासन द्वारा की गई। उनके नियुक्ति पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, राजेंद्र चंद्रवंशी, ओम यदु, सुरेश दुबे, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, भुनेश्वर चंद्राकर, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, हरेकृष्ण शुक्ला, रामकुमार चंद्राकर, मुकेश ठाकुर, संतोष चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंश, ध्वजाराम चंद्राकर, महेंद्र धृतलहरे, अमन खनूजा, गीताराम साहू, किशोर चंद्राकर सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** किसानों को प्रोत्साहित करने की जरूरत, धान के अलावा अन्य फसलें भी जरूरी

# जिले में लगातार समाप्त हो रही है फसल विविधता, धान की तरफ रूझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को धान का प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य 31 सौ रुपये देने की घोषणा के बाद जिलेभर में किसानों में उत्साह का माहौल है। परंपरा के अनुसार इस साल भी किसानों ने बड़े पैमाने पर धान की खेती की है। खेतों में हरी-भरी फसलें लहराने लगी हैं और अब तक मौसम भी फसल के अनुकूल रहा है, जिससे अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है।

किसानों का मानना है कि धान की फसल उनकी आजीविका और स्थायी आय का प्रमुख साधन है। सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य उन्हें आर्थिक सुरक्षा का अहसास कराता है। हालांकि कृषि विशेषज्ञ और जानकार इस तस्वीर को लेकर चिंता भी जता रहे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य लगातार बढ़ाए जाने से फसल विविधता की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। पहले जहां जिले में खरीफ सीजन में मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूंग, मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलें भी ली जाती थीं, वहीं अब अधिकांश किसान सिर्फ धान पर ही निर्भर हो गए हैं।

इसका नतीजा यह हो रहा है कि वैकल्पिक फसलों का उत्पादन लगातार घटता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में केवल धान ही नहीं, बल्कि अन्य अनाज और दलहनों की भी उतनी ही आवश्यकता है। प्रोटीन और पोषण की दृष्टि से दालें, तिलहन और मोटे अनाज अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके बावजूद सरकार और किसान, दोनों ही इस दिशा में गंभीर नहीं दिख रहे हैं। किसान केवल उस फसल की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिसका समर्थन मूल्य अधिक है और जिसकी सरकारी खरीद की गारंटी है। वहीं, सरकार भी अन्य फसलों की खरीदी के लिए ठोस नीति नहीं बना पा रही है। स्थिति यह है कि प्रदेश में धान का उत्पादन स्थानीय खपत की तुलना में कई गुना अधिक हो चुका है। खरीदी सीजन में लाखों क्विंटल धान तो खरीदा जाता है, लेकिन उसका भंडारण और उपयोग एक बड़ी समस्या बन जाता है। गोदामों और संग्रहण केंद्रों की कमी के कारण हर साल लाखों क्विंटल धान खराब होकर बर्बाद हो जाता है। इससे न केवल किसानों की मेहनत पर पानी फिरता है, बल्कि सरकार को भी करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। जानकारों का मानना है कि अगर यही स्थिति जारी रही तो आने वाले समय में कृषि क्षेत्र में गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। एक ओर किसानों की आय धान पर ही निर्भर हो जाएगी और दूसरी ओर राज्य के लिए अन्य खाद्यान्न, दलहन और तिलहन की आपूर्ति में कमी आ जाएगी। इससे प्रदेश को बाहरी राज्यों पर निर्भर होना पड़ सकता है।

### सरकार को देना होगा ध्यान

कृषि वैज्ञानिकों का सुझाव है कि सरकार को अब धान पर अत्यधिक निर्भरता खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। समर्थन मूल्य नीति को संतुलित कर अन्य फसलों के लिए भी आकर्षक मूल्य घोषित किए जाने चाहिए, ताकि किसान विविधता की ओर लौट सकें। साथ ही, वैकल्पिक फसलों की खरीदी और विपणन की गारंटी सरकार को देनी होगी। इससे न केवल किसानों की आय के नए स्रोत खुलेंगे बल्कि प्रदेश को भी पोषण सुरक्षा और आर्थिक संतुलन मिलेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल किया जाना किसानों के लिए निश्चय ही बड़ी राहत और लाभकारी है। लेकिन अगर समय रहते फसल विविधता पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह राहत आने वाले वर्षों में एक बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। इसलिए सरकार और किसानों दोनों को संतुलित खेती की दिशा में आगे बढ़ाना ही होगा।



# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कारखाना के नियमित कर्मचारी हड़ताल पर

■ जब तक मांगे पूरी नही कामकाज ठप रखने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव शक्कर कारखाना के नियमित कर्मचारियों ने अपनी तील सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर गुरुवार से एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कारखाना के नियमित कर्मचारी फैक्ट्री गेट के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी सभी मांगे पूरी नहीं होतीं तब तक आंदोलन जारी रहेगा और फैक्ट्री का उत्पादन कार्य ठप रहेगा। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि अप्रैल 2023 से महंगाई भत्ते में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इसके अलावा 20 वर्षों से लगातार सेवा देने वाले कर्मचारियों को अब तक पदोन्नति का लाभ नहीं मिला है। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि सेवानिवृत्ति की कगार पर पहुंचे कई कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान भी नहीं किया गया है।

इन सभी मुद्दों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से शासन-प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई की गई है। जिसके चलते कारखाना के नियमित कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में कारखाना के नियमित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** जिले में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, महाराजपुर कवर्धा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. केशव ध्रुव, एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के निर्देशन और उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य विकारों, उनके लक्षणों, कारणों एवं रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि तनाव, चिंता, अवसाद, आत्मविश्वास की कमी और सामाजिक दबाव जैसी स्थितियाँ मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं, जिनका समय पर उपचार और सही परामर्श आवश्यक है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी आयोजित

**कवर्धा।** सेवा सप्ताह के अंतिम दिन आज 8 अक्टूबर दिन बुधवार को लायंस क्लब ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के ऑडिटोरियम में मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की। ज्ञात हो कि क्लब के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष कोलकाता वासी लायन एपी सिंह ने इस वर्ष दुनियाभर के क्लब्स को निर्देशित किया था कि वे सेवा सप्ताह के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य पर कुछ कार्यक्रम अवश्य रखें। संगोष्ठी में बड़ी तादाद में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। विषय की प्रस्तावना देते हुए डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीरज मनजीत छाबड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम हमने विद्यार्थियों के बीच उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा हर तरह के एडिक्शन से दूर रहने के लिए किया है, क्योंकि आज की युवाओं पर बहुत दबाव है एवं वे जल्द ही तनाव डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने तनाव अवसाद से बचने के टिप्स देते हुए कहा कि हमेशा प्रसन्नचित्त रहने से मन-मस्तिष्क दुरुस्त रहता है।

# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर पहुंचे कवर्धा

## मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर गुरूवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन और किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम ने जिले में किसान राजनीति और संगठन के समन्वय को नई दिशा दी। लोहारा से कुण्डा तक आलोक सिंह ठाकुर का हर पड़ाव स्वागत, श्रद्धा और संगठन शक्ति का प्रतीक बना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब भी सत्ता में आती है, किसानों की उन्नति को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड जैसी ऐतिहासिक योजना दी, जिससे किसान सीधे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ा। पूर्व में 15 साल डॉ. रमन सिंह की सरकार ने किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खेतों में पंप कनेक्शन पर एक लाख रुपए का अनुदान और कृषि को प्रोत्साहन देने के अनेक कार्य किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान सम्मान निधि योजना के तहत आज 10 करोड़ किसानों के खातों में हर वर्ष लगभग 65 हजार करोड़ रुपए की राशि सीधे डाली जा रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बनने के बाद किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

### किसान को मिली आर्थिक आजादी: राजेन्द्र

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के आर्थिक अधिकारों को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का लाभ मिल रहा है और प्रति क्विंटल 3100 रुपए की दर से भुगतान किया जा रहा है। धान का पैसा एकमुश्त सीधे किसानों के खाते में पहुंचाना भाजपा सरकार की पारदर्शी नीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि किसान को बिचौलियों और कागजी प्रक्रियाओं से मुक्त कर भाजपा ने उसे आर्थिक आजादी दी है।

### भाजपा किसान के साथ: भुनेश्वर

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों को गिरदौली, टोकन व्यवस्था और अमानक वर्मी कम्पोस्ट जैसी समस्याओं से जूझना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान के हर संघर्ष को अवसर में बदला और अब हर किसान तकनीक, बाजार और सहायता से जुड़ा हुआ है। भुनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि किसान मोर्चा आने वाले चुनावों में संगठन की रीढ़ बनेगा और हर गांव में भाजपा की नीति और किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी पहुंचाएगा। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत सबसे पहले लोहारा में किया गया, जहां पंचमुखी हनुमान और शीतला माई मंदिर के दर्शन के बाद उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। इसके बाद संतोष वैष्णव के निवास पर परिवारजनों से आत्मीय भेंट की। कवर्धा पहुंचने पर सिग्नल चौक में ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच आलोक सिंह ठाकुर का भव्य स्वागत हुआ।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए पर्यवेक्षक व सह पर्यवेक्षक नियुक्त, हलचल तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिसे लेकर कबीरधाम जिले के कांग्रेस खेमे में भी हलचल तेज हो गई और अध्यक्ष पद के दावेदारों की लम्बी फौज तैयार होने लगी है हालांकि अभी तक किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता ने खुलकर अपनी दावेदारी पेश नहीं की है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कबीरधाम जिले के लिए भी पर्यवेक्षक तथा सह पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। जिसमें पर्यवेक्षक श्याम कुमार बार्वे को बनाया गया है वहीं सह पर्यवेक्षक ज्योतषना महंत, दिलीप लहरिया तथा आकाश शर्मा को नियुक्त किया गया है। हालांकि पर्यवेक्षक की यह टीम कबीरधाम जिले में कब पहुंचेगी इसकी कोई तारीख मुकर्रर नहीं की गई है। लेकिन माना जा रहा है कि पर्यवेक्षकों के पहुंचने के साथ ही न सिर्फ जिले में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर हलचल तेज हो जाएगी बल्कि दावेदारों की दावेदारी भी खुलकर सामने आने लगेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के दूसरे जिलो की तहत कबीरधाम जिले में भी जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने की चाहत रखने वाले दोवेदारों की सूची काफी लम्बी है। जिसमें कई युवा चेहरों के साथ ही पुराने और पूर्व जिला अध्यक्ष भी शामिल हैं। हालांकि कोई भी अभी तक खुलकर सामने नहीं आ रहा है। बहरहाल सभी अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक की टीम के यहां पहुंचने का बड़ी बेसर्बी से इंतजार है।

# तीन दिवसीय तितली सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा वनमंडल अंतर्गत तीन दिवसीय तितली सम्मेलन 2025 द्वितीय संस्करण का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य अभ्यारण्य क्षेत्र में पाई जाने वाली तितलियों के संरक्षण, संवर्धन एवं अध्ययन को प्रोत्साहित करना है। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष तितली सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से कुल 450 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 41 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागी भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र में 6 निर्धारित मार्गों पर तितली सर्वेक्षण करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों का स्वागत, पंजीयन तथा कीट वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर दो हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से दो पौधों का वितरण कर तितली तिहार का शुभारंभ किया जाएगा। दूसरे दिन, 11 अक्टूबर को सभी प्रतिभागियों को उनके निर्धारित सर्वेक्षण मार्गों पर भ्रमण कराया जाएगा ताकि वे क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों की पहचान और दस्तावेजीकरण कर सकें। सम्मेलन के समापन दिवस 12 अक्टूबर को चिल्फी में आयोजित होगा, जहां तीन दिवसीय गतिविधियों के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह पर डीपीएस में कार्यशाला का आयोजन

**कवर्धा।** वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 02 से 08 अक्टूबर के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा में मानव एवं वन्यप्राणी सह-अस्तित्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी, कवर्धा श्री निखिल अग्रवाल (भा.व.से.) के निर्देशन तथा अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा श्रीमती अनिता साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला में परिक्षेत्र अधिकारी, भोरमदेव अभ्यारण्य, कवर्धा अनुराग वर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों के संरक्षण, उनके पर्यावरणीय महत्व तथा मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि वन्यप्राणियों का संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने वन्यप्राणी संरक्षण से संबंधित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया ऐन फीग्रेड ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति और वन्यजीव हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। यदि हमें एक संतुलित एवं सुरक्षित भविष्य चाहिए, तो हमें आज से ही अपने व्यवहार में संवेदनशीलता लानी होगी। संरक्षण केवल शब्द नहीं, बल्कि एक सतत क्रियाशील संकल्प होना चाहिए। विद्यालय का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में ऐसी मानवीय भावनाएँ विकसित करना है, जिससे वे पृथ्वी और उसके प्रत्येक जीव के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण हेतु जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

**बोड़ला में दो सड़क हादसों में दो घायल, मवेशी को बचाने के चक्कर में कार दुर्घटना का शिकार**

# जिले में नहीं थम रहे सड़क हादसे, पाण्डातराई में गई एक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा।




जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आलम ये है कि जिले की सड़कों में आए दिन हादसे हो रहे हैं और लोग अपनी जान गवां रहे हैं। अभी पांच अक्टूबर की ही बात की जाए तो जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में ट्रक और बुलेरो वाहन की भिड़ंत में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

वहीं बीतें बुधवार की बात की जाए तो जिले में अलग-अलग हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इन सड़क दुर्घटनाओं में दो अन्य लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम पहला हादसा बोड़ला थाना क्षेत्र में हुआ, जहां गाय को बचाने के चक्कर में एक कार चालक का वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

दूसरी घटना भी बोड़ला थाना क्षेत्र में हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है। तीसरा और सबसे गंभीर हादसा पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम खरहट्टा के पास हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर सायकल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान ग्राम दशरंगपुर निवासी युवक के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

